Bareilly, Saturday,
24 January 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 6 : TOP

# SRMS के संस्थानों में हुई मां सरस्वती की अराधना



चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने किया सरस्वती पूजन.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (23 Jan):** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के बरेली और लखनऊ स्थित शैक्षिक संस्थानों में वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलाजी एंड रिसर्च, ला, मेडिकल कालेज और रिद्धिमा स्थिति लाइब्रेरी में ज्ञान, कला और संस्कृति की आराध्य देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हुई. विद्यार्थियों ने भजन की प्रस्तुति दी. चेयरमैन देव मूर्ति, डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने मां सरस्वती की पूजा की. प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला समेत सभी एचओडी और विद्यार्थियों ने पूजन किया. इस दौरान सभी विभागाध्यक्ष, पैरामेडिकल स्टाफ, मेडिकल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे.